# अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 का कार्यालय
# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना, बिहार।

## दिनांक– 18.06.2024 को सम्पन्न निविदा तकनीकी मूल्याकंन समिति की बैठक की कार्यवाही:–

बैठक में कार्य प्रमण्डल, दरभंगा के अंतर्गत शिवहर जिला के तरियानी छपरा थाना में नक्सल थाना भवन (G+3) Structure का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए आमंत्रण सूचना सं0–47 / एस0बी0डी0 / 2023–24 के ग्रुप सं0–02 द्वारा आमंत्रित पुनर्निविदा के अंतर्गत प्राप्त बीड के तकनीकी बीड का मूल्यांकन किया गया।

1. **उपस्थिति:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.1 | श्री प्रकाश चन्द्र, अधीक्षण अभियंता (मोनेटरींग), मुख्यालय, पटना | – | संयोजक |
| 1.2 | श्री अनुराधा चन्द्र, अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01, मुख्यालय, पटना | – | अध्यक्ष |
| 1.3 | श्री हेमंत कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी, मुख्यालय, पटना | – | सदस्य |
| 1.4 | श्री विद्या भूषण प्रसाद, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–1, मुख्यालय, पटना | – | सदस्य |
| 1.5 | श्री मिथिलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा | – | सदस्य |
| 1.6 | श्री सुमन कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, कार्य अंचल–01, पटना | – | सदस्य |

2. **निविदा के संबंध में विवरण:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | – | शिवहर जिला के तरियानी छपरा थाना में नक्सल थाना भवन (G+3) Structure का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य। (पुनर्निविदा) |
| 2.2 | प्रमण्डल का नाम | – | दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा |
| 2.3 | राज्यादेश की राशि एवं प्रसंग | – | रू0–6,40,06,800 / –<br>ज्ञापांक06 / योजना–01–57 / 2022गृ०आ०11209 / पटना, दिनांक 09.11.2022 |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | – | रू0–6,02,90,300 / –<br>एच0क्यू0 2536 (अनु0), दिनांक–20.07.2023 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | – | रू0–5,30,01,300 / – ज्ञापांक– अभि0 1423 पटना, दिनांक 21.07.2023 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | – | रू0–5,30,01,261 / – |
| 2.7 | निविदा की प्रक्रिया | – | e-tender (SBD) |
| 2.8 | निविदा प्राप्ति की तिथि | – | 12.02.2024 |
| 2.9 | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 14 माह |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | – | 03 (तीन अदद्)<br>1. Man Mardan Shukla Construction Pvt. Ltd.<br>2. Ranjita Kumari<br>3. M/s Shubham Constructions |
| 2.11 | प्राप्त निविदा पुनर्निविदा है या नहीं | – | पुनर्निविदा है। |

**3. <u>तकनीकी बीड का मूल्याकंनः–</u>**

3.1 ई0–निविदा सूचना संख्या– 47/एस0बी0डी0/2023–24 के ग्रुप संख्या–02 में 03 (तीन अदद्) निविदाकारों यथा 1. Man Mardan Shukla Construction Pvt. Ltd. 2. Ranjita Kumari 3. M/s Shubham Constructions द्वारा भाग लिया गया है।

3.2 निविदा में प्रतिभागी निविदादाताओं के अग्रधन का सत्यापन कराया गया है एवं सही पाया गया है।

3.3 निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार इस निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि 12.02.2024 निर्धारित थी। निविदा प्राप्ति के उपरांत निविदा के साथ संलग्न अग्रधन एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के सत्यापन कि प्रक्रिया में व्यतीत होने वाले समय के बाद चुनाव आचार संहिता के प्रभावी हो जाने के कारण 120 दिनों की Bid Validity की अवधि तक निविदा का निष्पादन नहीं हो सका। निविदा पर विचार करने के पूर्व प्रतिभागी निविदाकारों से Bid Validity बढ़ाने की लिखित सहमति प्राप्त करने हेतु e-mail के द्वारा दिनांक 15.06.2024 तक लिखित सहमति समर्पित करने का अनुरोध किया गया। निर्धारित अवधि तक 03(तीन) निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार Man Mardan Shukla Construction Pvt. Ltd. द्वारा ही Bid Validity बढ़ाने के लिए लिखित सहमति समर्पित किया गया था जिसके कारण मात्र उनके तकनीकी बीड पर विचार किया गया था। निर्धारित समय बीत जाने के बाद दिनांक 18.06.2024 को Ranjita Kumari एवं Shubham Construction से Bid Validity Period बढ़ाने के लिए सहमति प्राप्त हुई है। जिसके आलोक में उनके बीड पर भी विचार किया जा रहा है।

3.4 प्रतिभागी निविदाकार के तकनीकी बीड की समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत् पायी गयी हैः–

**A. Man Mardan Shukla Construction Pvt. Ltd.-** इनके बीड के साथ संलग्न अनुभव प्रमाण पत्रों का सत्यापन करा लिया गया है एवं सही पाया गया है तथा इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी सभी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

**B. Ranjita Kumari –** इनका Bid Capacity निविदा में सफल होने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**C. M/s Shubham Constructions**- कार्य अनुभव के समर्थन में इनके द्वारा जिला परिषद्, मुजफ्फरपुर से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है। जिसके सत्यापन के लिए इस कार्यालय के पत्रांक मोने0 69 दिनांक 30.04.2024 द्वारा पत्राचार किया गया है परन्तु सत्यापन प्रतिवेदन अब तक अप्राप्त है। कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के अनुसार एकरारनामा की तिथि 30.06.2024 एवं कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि 28.03.2023 है। इस प्रकार अनुभव से संबंधित कार्य के कार्यान्वयन की अवधि 02 वर्षों की है। अनुभव प्रमाण पत्र में मदों की मात्रा का वर्षवार विवरण नहीं दिया गया है। जिसके कारण एक वित्तीय वर्ष में किये गये कार्य की मात्रा/कार्य अनुभव स्पष्ट नहीं हो रहा है। 02 वर्ष की कार्यावधि के अनुसार इनका मात्रा आधारित कार्य अनुभव पर्याप्त नहीं है। अतः सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद भी इनके तकनीकी बीड की अर्हता पर्याप्त नहीं होगा।

**4. <u>निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णयः–</u>**

4.1 निविदा में प्रतिभागी तीन निविदाकारों में से दो निविदाकार M/s Shubham Constructions एवं Ranjita Kumari तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा नहीं करते हैं। इस निविदा में एकमात्र निविदाकार Man Mardan Shukla Construction Pvt. Ltd. तकनीकी बीड कि अर्हता को पूरा करते हैं।

4.2 निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपर्युक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदाकार को उनके e-mail से सूचित करने की अनुशंसा की जाती है।

4.3 तकनीकी बीड के उपरोक्त निर्णय के विरूद्ध **दिनांक 20.06.2024 के 02:00 (दो) बजे अपराह्न** तक दर्ज की जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sd/- | Sd/- | Sd/- | Sd/- |
| **सहायक अभियंता** | **कार्यपालक अभियंता** | **तकनीकी सलाहकार** | **मुख्य लेखा पदाधिकारी** |
| कार्य अंचल–01 | दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा | कार्य अंचल–1 | मुख्यालय, पटना |

| | |
|---|---|
| Sd/- | Sd/- |
| **अधीक्षण अभियंता** | **अधीक्षण अभियंता (मोनेटरींग)** |
| कार्य अंचल–1 | मुख्यालय, पटना |